प्रारम्भिक सम्बोधन

माननीय सदस्यगण,

चौदहवीं बिहार विधान सभा के अष्टम् सत्रारम्भ के अवसर पर मैं आप सबों का हार्दिक अभिनन्दन करते हुए नूतन वर्ष की मंगल कामना करता हूँ ।

यह सदन राज्य की समस्त जनता के सर्वांगीण शक्ति का दर्पण है। एक ओर संसदीय लोकतंत्र की सफलता का पतवार आपके हाथों में है तो दूसरी ओर जनता का विश्वास आपके सबल व्यक्तित्व में समाहित है । ऐसे में आप दोनों ओर से इन दायित्वों के निष्ठापूर्वक निर्वहन की जिम्मेवारी से भी अवगत हैं । हम सभी अपने अधिकारों के प्रति जितना संवेदनशील हैं उससे अधिक अपने कर्त्तव्यों के प्रति सजग रहें कठिन-से-कठिन जन-समस्याओं का निदान कर सकते हैं ।

मैं आशा करता हूँ कि सभा के कार्य संचालन में आप सबों का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा ।